प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

17.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्य सचिव कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद राज्य सचिवालय में बढ़ाई गई सुरक्षा।
- प्रदेश में शराब के ठेकों की नीलामी से इस वित्त वर्ष में 2 हजार 8 सौ 50 करोड़ रूपए का राजस्व जुटाने का लक्ष्य।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप–नेशनल हेराल्ड मामले में सामने आया कांग्रेस का भ्रष्टाचार।
- प्रदेश में बीती रात तेज आंधी तूफान से भारी नुकसान–बड़सर में झुग्गी बस्ती पर पेड़ गिरने से एक बच्चे की मौत।

बम धमकी

शिमला स्थित मुख्य सचिव कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद राज्य सचिवालय में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और एहतियात के तौर पर बम डिस्पोजल टीम को मौके पर बुलाया गया है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बताया कि दो अज्ञात ई–मेल प्राप्त हुई हैं जिसमें उपायुक्त कार्यालय मण्डी और शिमला में मुख्य सचिव कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय में तलाशी ली जा रही है और कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। मुख्य सचिव ने कहा है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है और ई–मेल भेजने वाले की जानकारी जुटाने में केन्द्रीय एजेंसियों का भी सहयोग लिया जाएगा।

सीएम–भेंट

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कुल्लू जिले के बागा–सराहन क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। शिमला में आज उनसे मिलने आए आनी और बंजार क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमण्डल से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रतिनिधिमण्डल की जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार का आश्वासन दिया।

इस बीच शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में एसएमसी अध्यापक संघ के एक प्रतिनिधिमण्डल ने भी अपनी मांगों को लेकर शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की।

नीलामी

उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए शराब के ठेकों की नीलामी से 2 हजार 8 सौ 50 करोड़ राजस्व जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि 18 मार्च से इसकी नीलामी शुरू की गई थी जिसमें 2 सौ 40 ठेके नीलाम नहीं हो पाए हैं। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि अब इन ठेकों को सरकारी एजेंसियों के माध्यम से चलाया जाएगा।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी और भ्रष्टाचार एक दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। मण्डी में आज एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले को अब देश की जनता जानना चाहती है और भाजपा इसका सच सामने ला रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में केन्द्रीय जांच एजेंसी काम कर रही है और इस मामले में कांग्रेस पार्टी ने बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किया है।

अनुराग ठाकुर

दूसरी ओर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर नेशनल हेराल्ड अखबार के जरिए हजारों करोड़ रूपए की सम्पत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। सिरमौर जिले के सराहां में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड को कांग्रेस पार्टी ने अपना ए.टी.एम. बना लिया है और ये कांग्रेस आलाकमान पर एक काला धब्बा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड के घोटाले में 6 सौ 61 करोड़ रूपए की अचल सम्पत्तियों को कब्जे में लेने के बाद कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को नोटिस जारी किया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड अखबार का हिमाचल से कोई लेना देना नहीं है लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने उसे विज्ञापन के रूप में करोड़ों रूपए दिए हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि विज्ञापनों की आड़ में ये पैसा किसकी जेब में जा रहा है, कांग्रेस को इसका जवाब देना चाहिए।

फोरलेन

लोकनिर्माण विभाग के सचिव अभिषेक जैन ने पिंजौर—बद्दी—नालागढ़ राष्ट्रीय उच्च मार्ग के फोरलेन कार्य में तेजी लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज नालागढ़ उपमण्डल में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक बैठक में कहा कि इस फोरलेन का निर्माण लगभग 4 सौ 69 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है। अभिषेक जैन ने इस महीने के अंत तक फोरलेन में गड्ढों के पैचवर्क को पूरा करने के निर्देश दिए।

आम्बेडकर सम्मान

भाजपा का डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर सम्मान अभियान प्रदेश भर में जारी है। इसके तहत अनेक स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्टी के प्रदेश महासचिव बिहारी लाल शर्मा और प्रदेश मीडिया प्रभारी करण नंदा ने आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के अनेक स्थानों पर अभियान के तहत घर—घर सम्पर्क योजना चलाई। करण नंदा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का अपमान किया और सिर्फ चुनाव के दौरान ही उसे बाबा साहेब की याद आती है।

पत्रकार पैंशन

भारतीय पत्रकार कल्याण मंच ने हरियाणा की तर्ज पर हिमाचल में भी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को 15 हजार रूपए की मासिक पैंशन देने की मांग की है। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री के नेतृत्व में एक शिष्टमण्डल ने आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट कर इस संबंध में एक मांग पत्र सौंपा। राज्यपाल ने इस संबंध में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिलकर हिमाचल के पत्रकारों के लिए पैंशन शुरू कराने का भरोसा दिलाया। शिष्टमण्डल में वरिष्ठ पत्रकार अनिल भारद्वाज और उज्जवल शर्मा भी शामिल रहे।

मौसम

प्रदेश के अनेक स्थानों पर बीती रात तेज आंधी तूफान के बीच ओलावृष्टि व वर्षा हुई। तूफान के कारण अनेक जिलों में भारी नुकसान हुआ है। हमीरपुर जिले में बड़सर के मिनी सचिवालय के निकट एक झुग्गी बस्ती पर पेड़ गिरने से एक 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई जबकि उसके पिता को गम्भीर चोटें आई हैं। इसके अलावा जिले में कई मकानों व गौशालाओं को भी क्षति पहुंची है। राजधानी शिमला में भी भारी तूफान के कारण अनेक स्थानों पर पेड़ गिरे और कुछ गाड़ियां भी इनकी चपेट में आई हैं। कुल्लू जिले के सैंज इलाके में तेज हवाओं से लोगों के घरों की छतें उड़ गयीं और फलदार पौधों को भी नुकसान पहुंचा है। कुछ क्षेत्रों में बिजली की लाईनों पर भी पेड़ गिरने की घटनाएं हुई हैं और बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में तेज आंधी तूफान के साथ ओलावृष्टि व भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

सीपीएम

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने भूमिहीनों और वनभूमि पर कब्जाधारी किसानों के कब्जे हटाने के खिलाफ शिमला में वन विभाग कार्यालय के बाहर आज धरना प्रदर्शन किया। पार्टी नेता राकेश सिंघा ने कहा कि मुख्य अरण्यपाल कार्यालय की ओर से हाल ही में जारी एक पत्र में सभी जिलाधीशों को वनभूमि पर कब्जाधारी किसानों और भूमिहीनों के कब्जे हटाने के निर्देश दिए गए हैं। सिंघा ने बताया कि इस मुहीम के चलते प्रदेश में एक सौ 20 से अधिक घरों को खाली करवाया गया है। उन्होंने सरकार से वन भूमि पर पीढ़ियों से आश्रित किसानों व बागवानों को वन अधिकार अधिनियम के तहत राहत देने की मांग की है।

आवेदन तिथि

तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है। स्नातक ओर स्नातकोत्तर स्तर के कोर्सों के लिए 10 व 11 मई को प्रवेश परीक्षा ली जाएगी।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्य सचिव कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद राज्य सचिवालय में बढ़ाई गई सुरक्षा।
- प्रदेश में शराब के ठेकों की नीलामी से इस वित्त वर्ष में 2 हजार 8 सौ 50 करोड़ रूपए का राजस्व जुटाने का लक्ष्य।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप–नेशनल हेराल्ड मामले में सामने आया कांग्रेस का भ्रष्टाचार।
- प्रदेश में बीती रात तेज आंधी तूफान से भारी नुकसान–बड़सर में झुग्गी बस्ती पर पेड़ गिरने से एक बच्चे की मौत।